भारत सरकार
संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं0-1142
उत्तर देने की तारीख 16 अगस्त, 2013

चीन की दूरसंचार कंपनियों का फैलता नेटवर्क

1142. श्री पुरूषोतम खोडाभाई रूपाला :

क्या संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार ने हमारे पड़ोसी देशों में चीन की दूरसंचार कंपनियों द्वारा दूरसंचार नेटवर्क के फैलाव से उत्पन्न सुरक्षा चिन्ताओं के संबंध में क्या कदम उठाए हैं जो हमारे राष्ट्र की सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय है और जिसकी ओर हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने भी ध्यान दिलाया है; और

(ख) क्या सरकार को इस तथ्य की चिन्ता है कि हमारे विभिन्न दूरसंचार कंपनियों द्वारा चीन से बड़ी मात्रा में दूरसंचार अवसंरचना उपकरणों का आयात किया जाता है ?

उत्तर
संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मिलिंद देवरा)

(क) सुरक्षा एजेंसियों द्वारा यह मामला उठाया गया है और यह मामला संबंधित देशों के साथ उपयुक्त स्तर पर उठाने के लिए विदेश मंत्रालय को कहा गया है।

(ख) इन चिंताओं का संज्ञान लेते हुए, सरकार ने 31 मई, 2011 को अभिगम सेवा प्रदाताओं के संबंध में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को और चीन से आयातित दूरसंचार उपकरणों सहित दूरसंचार और दूरसंचार नेटवर्कों से संबंधित सुरक्षा चिंताओं का समाधान करने के लिए 30 जून,2011 को अन्य सेवा प्रदाताओं को लाइसेंस संशोधन के रूप में पहले ही व्यापक सुरक्षा दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

*****